दैनिक जागरण 02/12/2024

# सीएसए में आठ को जुटेंगे देश-विदेश के कृषि विज्ञानी

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आठ दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के कृषि विज्ञानियों का जमावड़ा होगा। सम्मेलन की थीम वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक शोध तय की गई है। नाइजीरिया, नेपाल समेत विभिन्न देशों के विज्ञानियों ने अपने आने की स्वीकृति दे दी है।

सीएसए के कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एन के शर्मा ने बताया कि आठ एवं नौ दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय विज्ञान समुदाय संघ एवं कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 'ग्लोबल रिसर्च फार ग्लोबल वेलबीइंग' पर केंद्रित कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए अभी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण खुला है। अभी तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों के कृषि विज्ञानियों ने भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराया है। कुलपति डा. आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में 13 एवं 14 दिसंबर को बाली इंडोनेशिया में 11वीं गोग्रीन समिट का आयोजन किया जा रहा है।



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय • जागरण आकाईव

- कृषि क्षेत्र में वैश्विक कल्याण के लिए शोध पर पढ़ेंगे रिसर्च पेपर
- इसके लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर खुला है पंजीकरण

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 02/12/2024

# 12वीं इंटरनेशनल साइंस कॉन्ग्रेस आठ से

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (1 Dec):** सीएसए यूनिवर्सिटी में 12वीं इंटरनेशनल साइंस कांग्रेस का आयोजन आठ और नौ दिसंबर 2024 को होगा. इसका प्रमुख विषय 'ग्लोबल रिसर्च फॉर ग्लोबल वेलबिंग' रहेगा. इस कार्यक्रम में देश भर से यूथ रिसर्चर हिस्सा लेंगे. इंट्रेस्टेड स्टूडेंट्स अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. इसके अलावा 13 और 14 दिसंबर को बाली, इंडोनेशिया में 11वीं गो ग्रीन समिट भी आयोजित हो रही है. जिसमें 200 से अधिक साइंटिस्ट हिस्सा लेंगे. इस आयोजन में एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के डॉ. एनके शर्मा चीफस्पीकर होंगे.

# कृषि विश्वविद्यालय में 12वीं अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान कॉग्रेस 8 व 9 दिसम्बर को होगा

कानपुर, 1 दिसम्बर। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 एन0के0 शर्मा ने अवगत कराया कि दिनांक 08 एवं 09 दिसम्बर, 2024 को अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान समुदाय संघ एवं कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा 12वीं अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान कॉग्रेस का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसका प्रमुख विषय ''ग्लोवल रिसर्च फार ग्लोवल वेलबीन'' होगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से युवा शोधार्थी सहभागिता करने जा रहे हैं। सीएसए के कुलपति डा. आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में 13 एवं 14 दिसम्बर, 2024 को बाली इन्डोनेशिया में बायालीग एवं चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं विश्वविद्यालय, कानपुर एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से 11वीं गोग्रीन समिट का आयोजन होगा। डा0 एन0के0 शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस समिट में 10 देशों से अधिक देशों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक प्रतिभाग करने जा रहे है। इन दोनों अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन अधिष्ठाता, कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मा0 कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। इन दोनों प्रमुख विषयों पर आयोजित होनें वाले अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक परिचर्चाओं का सारांश एवं संस्तुतियां निश्चित रूप से निकट भविष्य में आने वाली चुनौनियों का समाधान करने में सहायक होंगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
दि ग्राम टूडे



# कृषि विश्वविद्यालय कानपुर में 12वीं अन्तराष्ट्रीय विज्ञान कॉग्रेस का होगा आयोजन





दि ग्राम टूडे, कानपुर।
(संजय मौर्य)

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा० एन०के० शर्मा ने अवगत कराया कि दिनांक 08 एवं 09 दिसम्बर, 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान समुदाय संघ एवं कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसका प्रमुख विषय ''सस्टेनेबल रिसर्च फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट'' होगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से युवा शोधार्थी सहभागिता करने जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी [illegible] वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। साथ ही विश्वविद्यालय के मा० कुलपति डा० आनन्द कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर, 2024 को बाली इन्डोनेशिया में [illegible] एवं चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं विश्वविद्यालय, कानपुर एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से 11वीं ग्लोबल समिट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कृषि अभियंत्रण संकाय के अधिष्ठाता डा० एन०के० शर्मा को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस समिट में 10 देशों से अधिक देशों के लगभग 300 से अधिक वैज्ञानिक प्रतिभाग करने जा रहे हैं। इन दोनों अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन अधिष्ठाता, कृषि अभियंत्रण संकाय एवं मा० कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। इन दोनों प्रमुख विषयों पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक परिचर्चाओं का सारांश एवं संस्तुतियां लिखित रूप में निकट भविष्य में आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में सहायक होंगी। इस प्रकार के आयोजनों से इटावा परिसर एवं कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर पिछले दो वर्षों से निरन्तर अपनी पहचान बनाने में प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है। बाली इन्डोनेशिया में प्रतिभाग करने के लिये इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं।

Read Only - Save a copy to edit.

अंक-268 कानपुर, सोमवार 2 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8

दैनिक
आज का कानपुर

कानपुर से प्रकाशित लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हमीरपुर, मौदहा, बांदा, फतेहपुर, प्रयागराज, इटावा, कन्नौज, गाजीपुर, कानपुर देहात, सुल्तानपुर, अमेठी, बहराइच में प्रसारित

माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं।

# छात्रों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर चलाया जागरुकता अभियान



**आज का कानपुर**

कानपुर ।सीएसए की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–3 के अंतर्गत हर साल की तरह इस वर्ष भी विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया वर्ष 2024 में विश्व एड्स दिवस की थीम टेक द राइट पाथ- माय हेल्थ, माय राइट्स रही। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग मुख्य अतिथि रहीं, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 – डॉ. रश्मी सिंह ने अधिष्ठाता डॉ. मुक्ता गर्ग का स्वागत किया, गेस्ट फैकल्टी डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. रीमा भी उपस्थिति रहे। संगोष्ठी में विचार–विमर्श और प्रस्तुति- इस कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स का सबसे पहला मामला चिंपैंजी और बंदरों में पाया गया था साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एड्स का अभी तक कोई इलाज नहीं है और इसकी रोकथाम ही इसका सबसे बड़ा उपाय है।बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं शाज़िया खान और जागृति दास ने भी संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा, एड्स सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक कलंक बन गया है। हमें एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज में पूरा सम्मान और सहयोग मिलना चाहिए।

दैनिक जागरण 02/12/2024



विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर दिखातीं छात्राएं • प्रबंधन

# पोस्टर प्रदर्शनी से दिखाईं एड्स की भ्रांतियां

जासं, कानपुर : चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 की ओर से रविवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

विश्व एड्स दिवस की थीम 'टेक द राइट पाथ: माय हेल्थ, माय राइट्स' पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान डा. मुक्ता गर्ग ने कहा कि एड्स जैसे विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सबसे पहले हमें खुद जागरूक होना पड़ेगा। एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करना और पीड़ितों के प्रति संवेदनशील होना जरूरी है।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. रश्मि सिंह ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की शाजिया खान और जागृति दास ने भी रोगियों के व्यवहार को लेकर रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मक और विचारोत्तेजक पोस्टरों के माध्यम से एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करने और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। इस अवसर गेस्ट फैकल्टी डा. पल्लवी सिंह और डा. रीमा भी उपस्थिति रहीं।

दैनिक जागरण आई नेक्स्ट 02/12/2024





# अवेयरनेस से ही हो सकता बदलाव

## वर्ल्ड एड्स डे पर सीएसए यूनिवर्सिटी में हुआ कार्यक्रम

kanpur@inext.co.in

**KANPUR (1 Dec):** सीएसए यूनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 के अंतर्गत वर्ल्ड एड्स डे पर अवेयरनेस ड्राइव आयोजित की गई. थीम टेक द राइट पाथ माय हेल्थ, माय राइट्स रही. इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट डॉ. मुक्ता गर्ग रहीं. चीफ गेस्ट ने अपने विचार प्रस्तुत किए. उन्होंने कहा कि एड्स जैसे विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सबसे पहले हमें खुद जागरूक होना पड़ेगा.

### पोस्टरों के माध्यम से

एड्स से जुड़ी फेक बातों को खत्म करना और पीड़ितों के प्रति पोलाइटनेस दिखाना जरूरी हैं. जागरूकता ही समाज में बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम बन सकती है. सेमिनार के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने पोस्टरों के माध्यम से एड्स से जुड़े मिथ को दूर करने और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया. प्रोग्राम में डॉ. रश्मी सिंह, गेस्ट फैकल्टी डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. रीमा भी उपस्थिति रहे.

अमर उजाला 02/12/2024

यूके तीरंदाजी टूर्नामेंट में हर्ष ... पदक, अखिल भारतीय तीरं... को कांस्य पदक मिला। सीओ...

... गई। यहां डॉ. नीरज, ... अरविंद गुप्ता आदि ...

विश्व एड्स दिवस

सीएसए में जागरूकता अभियान का आयोजन, एड्स से बचाव की जानकारी दी

# एड्स के प्रति पहले खुद हों जागरूक : डॉ. मुक्ता

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 ने विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इसकी थीम टेक द राइट पाथः माय हेल्थ, माय राइट्स रही। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग का स्वागत अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 डॉ. रश्मि सिंह ने किया।

डॉ. रश्मि सिंह ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। बताया कि एड्स का सबसे पहला मामला चिंपैंजी और बंदरों में पाया गया था। उन्होंने कहा कि एड्स का अभी तक कोई इलाज नहीं है। इसकी रोकथाम ही सबसे बड़ा उपाय है।

बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं शाजिया खान और जागृति दास ने भी संगोष्ठी में विचार रखे। डॉ. मुक्त गर्ग ने कहा कि एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए सबसे पहले हमें खुद जागरूक होना पड़ेगा। एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करना और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता ही समाज में बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम बन सकती है।

## एड्स दिवस पर हुई जागरूकता कार्यशाला

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संक्रामक रोग चिकित्सालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि एआरटी प्लस केंद्र में रोगियों की निशुल्क जांच और इलाज किया जाता है। पिछले वर्ष सरकार की ओर से जांच के लिए नई मशीन भी उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में अभी तक 13700 पीएलएचआईवी पंजीकृत हैं। (संवाद)




उर्सला अस्पताल में निकाली गई रैली। स्रोत : अस्पताल

## जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

कानपुर। उर्सला अस्पताल में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सही रास्ता अपनाएं-मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम के तहत परिसर में रैली निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. एचडी अग्रवाल ने किया। सभी डॉक्टरों के अलावा नर्सिंग स्टाफ ने रैली में शामिल होकर लोगों को जागरूक किया। काउंसलर शोभा पांडे ने बताया कि एड्स रोगी भी सामान्य जीवन जी सकते हैं। इसके लिए सही चिकित्सकीय सलाह आवश्यक है। संक्रमित रोगी ओपीडी रूम नंबर 108 और 116 में परामर्श ले सकते हैं। इस मौके पर सीएमएस डॉ. बीसी पाल, डॉ. शैलेंद्र तिवारी, डॉ. रिचा बाजपेई आदि मौजूद रहे। (संवाद)

## आज का पंचांग

02 दिसंबर 2024

सूर्य उदय - 06:39:21

सूर्यास्त - 17:14:23

अरुण पांडे (गुरुजी)



**मेष** ARIES (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
आज आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह देते हैं। आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में फल की प्राप्ति कम होगी।

**वृषभ** TAURUS (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे तथा उसमें सफलता भी प्राप्त करेंगे। पितृपक्ष की ओर से आपको लाभ हो सकता है। विद्याभ्यास में विद्यार्थियों को रुचि रहेगी।

**मिथुन** GEMINI (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)
नई योजना का प्रारंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है, सरकारी लाभ तथा उच्चाधिकारियों से कार्य का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधु तथा अड़ोस-पड़ोस के लोगों से हुआ मनमुटाव दूर हो सकता है।

**कर्क** CANCER (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)
नकारात्मक अभिगम से व्यवहार न करने की आवश्यकता हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं कर पाएंगे। निराशा और असंतोष की भावना मन में आज बनी रहेगी।

**सिंह** LEO (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)
आपमें आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी कार्य को करने के लिए आप त्वरित निर्णय भी ले सकते हैं। पिता और बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या** VIRGO (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
आज किसी दूसरे के अहम के साथ टकराव न हो इसका ध्यान रखें। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात पर आपका मनमुटाव होगा।

**तुला** LIBRA (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)
आपका आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में हुए लाभ से आपको प्रसन्नता होगी। आय में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे खर्च भी हो सकता है।

**वृश्चिक** SCORPIO (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)
आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी होगा, व्यवसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर कार्य आज सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

**धनु** SAGITTARIUS (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है, शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव हो सकता है। मन में व्यग्रता रह सकती है। व्यवसायिक रूप से बाधाएं उपस्थित होंगी।

**मकर** CAPRICORN (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)
अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है या व्यवहारिक या सामाजिक कार्य के लिए बाहर जाने के कारण भी हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें।

**कुंभ** AQUARIUS (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
प्रणय के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वासपूर्वक करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावना है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र परिधान करने के प्रसंग उपस्थित होंगे।

**मीन** PISCES (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। आज आपका मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव होगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता पर संयम रखें।

# एड्स के प्रति सभी को जागरुक होना चाहिए




**सीएसए में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर चलाया अभियान**

**डीटीएनएन , कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-3 के अंतर्गत हर साल की तरह इस वर्ष भी विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 में विश्व एड्स दिवस की थीम टेक द राइट पाथ- माय हेल्थ, माय राइट्स रही। इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान डॉ. मुक्ता गर्ग मुख्य अतिथि रहीं, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 -डॉ. रश्मी सिंह ने अधिष्ठाता डॉ. मुक्ता गर्ग का स्वागत किया, गेस्ट फैकल्टी डॉ. पल्लवी सिंह और डॉ. रीमा भी उपस्थिति रहे।

संगोष्ठी में विचार-विमर्श और प्रस्तुति-

इस कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से एड्स के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एड्स का सबसे पहला मामला चिंपैंजी और बंदरों में पाया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एड्स का अभी तक कोई इलाज नहीं है और इसकी रोकथाम ही इसका सबसे बड़ा उपाय है।

बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं शाजि़या खान और जागृति दास ने भी संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा, एड्स सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक कलंक बन गया है। हमें एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें समाज में पूरा सम्मान और सहयोग मिलना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम पर अधिष्ठाता डॉ. मुक्त गर्ग ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि एड्स जैसे विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए सबसे पहले हमें खुद जागरुक होना पड़ेगा। एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करना और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता दिखाना अत्यंत आवश्यक है। जागरूकता ही समाज में बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम बन सकती है।卐 कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने रचनात्मक और विचारोत्तेजक पोस्टरों के माध्यम से एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करने और जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। पोस्टरों ने एड्स पीड़ितों के प्रति समाज के रवैये को बदलने और सहानुभूति बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता डॉ. मुक्ता गर्ग ने डॉ. रश्मि सिंह और सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया और इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का समापन इस प्रेरणादायक संकल्प के साथ हुआ, जीवन का सम्मान करें, जागरुक बनें और एड्स को हराएं।